RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 124 | FRIDAY 15-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ



अब तो लड़को मान लो, सच्चाई चुपचाप।
कहीं सयानी लड़कियां, नालायक हो आप।
नालायक हो आप, व्यर्थ में समय गंवाते।
तभी हमेशा घट्ट, आपके नंबर आते।
कह साहिल कविराय, एक दिन ऐसा आसी।
अफसर होंगी गर्ल्स, ब्वायज होंगे चपरासी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# साढ़े 1400 करोड़ का नहरी पानी प्रोजेक्ट लोगों के लिए बना सिरदर्द

## पाइपलाइन बिछाने को कंपनी ने उखाड़ी सड़कें, रिपेयरिंग का पैसा लेने के बावजूद निगम के लाखों रुपए खर्च कराने का प्रयास, नोडल अफसर बेपरवाह

लुधियाना/यूटर्न/14 मई। लुधियाना में वर्ल्ड बैंक की और से नहरी पानी लोगों के घरों तक पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने का प्रोजेक्ट लांच किया है। नगर निगम और पंजाब वाटर एंड सीवरेज सप्लाई बोर्ड की सुपरवीजन में चल रहे इस प्रोजेक्ट के तहत शहर की सड़कें उखाड़कर पानी की पाइपें डाली जा रही है। पंजाब सरकार द्वारा कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी को टेंडर दिया गया है, वह कंपनी पाइपें तो डाली रही है, लेकिन सड़कें उखाड़ने के बाद उसे बिना रिपेयर किए बीच में ही छोड़ रही है। जिससे लोगों को परेशानी आ रही है। चर्चा है कि निगम और वाटर सप्लाई विभाग के जिन अधिकारियों को नोडल अफसर नियुक्त किया है, वह इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहे। जिस कारण 2 से 3 महीने पहले तोड़ी सड़कें अभी तक रिपेयर नहीं की गई। चर्चा है कि नोडल अफसर कमीशन लेने के चक्कर में अब कंपनी के साथ मिलकर सड़कें रिपेयर का जिम्मा निगम के सिर डालने का प्रयास कर रहे हैं। ताकि रिपेयरिंग का सारा पैसा सरकारी खजाने से लगे और कंपनी अधिकारी वर्ल्ड बैंक से मिलने वाली पेमेंट खुद हड़प कर जाएं। जिसके चलते अब इन सड़कों को विधायकों और पार्षदों के जिम्मे डाला जा रहा है।




### 1 साल पहले एसडीओ बने अधिकारी पर मेहरबान निगम

- चर्चा है कि निगम अधिकारी कमल राम पहले ट्यूबवेल ऑप्रेटर भर्ती हुए थे। जिसके बाद उन्होंने डिस्टेंस एजुकेशन की डिग्री ली और जेई प्रमोट हुए। 2025 में वे एसडीओ बने हैं। लेकिन उक्त अधिकारी पर विभाग इतना मेहरबान हुआ कि एक साल बाद ही उन्हें एडिशनल एक्सियन बना दिया। चर्चा यह भी है कि कमल राम निगम के किसी भी जोन में एसडीओ नहीं है। लेकिन विभाग द्वारा फिर भी उन्हें सीडीसी एडिशनल एक्सियन का चार्ज दे रखा है।

### डबल सरकारी खर्च लेकर घूमते हैं एसडीओ

- चर्चा है कि निगम के 3 से 4 ऐसे एसडीओ हैं, जिन पर प्रशासन पूरी तरह से मेहरबान है। उक्त एसडीओ को एक्सियन का एडिशनल चार्ज दिया हुआ हैं। जिसके चलते उन्हें सरकारी गाड़ियां बोलेरों मिली हुई हैं। एक तरफ वे अधिकारी एसडीओ पद पर मिलने वाले ट्रैवलिंग अलाउंस भी ले रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ बोलेरो गाड़ी का तेल भी सरकारी खाते से डलवा रहे हैं। यानि कि एक-एक अधिकारी घूमने के लिए डबल सरकारी खर्च कर रहा है। जिसके चलते शहर में चर्चा है कि आखिर इन अधिकारियों के पास ऐसी कौन सी जड़ी बूटी है कि विभाग इन पर इतना मेहरबान है। लोगों का कहना है कि इस मिसयूज ऑफ फंड की विजिलेंस जांच होनी चाहिए।

### करीब साढ़े 1400 करोड़ का है टेंडर

वर्ल्ड बैंक की ओर से नहरी पानी घरों तक पहुंचाने के लिए एक प्रोजेक्ट लांच किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत 24/7 यानि कि सातों दिन और 24 घंटे लोगों के घरों में पानी आएगा। लुधियाना के लिए जारी करीब साढ़े 1400 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में फाइनेंस वर्ल्ड बैंक कर रहा है, जबकि टेंडर पंजाब सरकार द्वारा अलॉट किया गया है। इसकी सुपरवीजन नगर निगम लुधियाना और पंजाब वाटर एंड सीवरेज सप्लाई बोर्ड द्वारा की जा रही है। इस प्रोजेक्ट के तहत इलाकों में पानी की टैंकियां बनाई जाएंगी। वहीं सभी इलाकों में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। जिससे नहरों से पाइपलाइन टैंकियों के साथ अटैच होगी। जिसके बाद टैंकियों के जरिए इलाकों में पानी पहुंचेगा।

### क्या सरकार को बदनाम करने की साजिश

चर्चा है कि पाइपलाइन डालने के बावजूद सड़क रिपेयर न करने पर लोग विधायकों और पार्षदों के पास पहुंच रहे हैं। जो सड़क 2-3 महीने से नहीं बनाई जाएगी, तो विधायक-पार्षद को मजबूरी में इसका हल निकालना पड़ता है। जिसके चलते लीडरों को निगम के खाते से सड़कें रिपेयर करवानी पड़ रही है। अगर रिपेयर न हो, तो आम जनता द्वारा इसमें सरकार को कसूरवार माना जा रहा है। कुल मिलाकर बदनामी भी सरकार की हो रही है और रिपेयर का खर्च भी सरकारी खजाने से हो रहा है।

### रिपेयरिंग के लिए अलग से पेमेंट हुई अलॉट

चर्चा है कि टेंडर में शर्तें हैं कि जिस भी सड़क को उखाड़कर पाइपें डाली जाएंगी, उसकी रिपेयर भी तुरंत कंपनी द्वारा ही की जाएगी। इसके लिए कंपनी को अलग से पेमेंट अलॉट हुई है। लेकिन यहां कंपनी सड़कें तोड़ रही है और उसे सही करने की जगह वैसे ही छोड़ दिया जा रहा है। जिसे बाद में रिपेयर मजबूरन विधायकों और पार्षदों को निगम खाते से करवाना पड़ रहा है। यानि कि मलाई कंपनी खा रही है और नुकसान निगम झेल रहा है।

### जिम्मेदार अधिकारियों का नहीं कोई ध्यान

इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम से एडिशनल एक्सियन कमल राम और पंजाब वाटर एंड सीवरेज सप्लाई बोर्ड की तरफ से एसई पारुल गर्ग को नोडल अफसर नियुक्त किया गया है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। उनकी तरफ से अपने विभागों के कार्य भी साथ में देखें जा रहे हैं। जिसके चलते न तो वे प्रोजेक्ट पर पूरी तरह ध्यान दे पा रहे है और न ही विभागीय कार्य देख पा रहे है। जिसका फायदा उठा ठेकेदार द्वारा अपना काम अधूरा छोड़ दिया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्रा से व्यापार व निवेश को मिलेगा बढ़ावा: फियो



नई दिल्ली/यूटर्न/14 मई। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स (फियो) ने 15 से 20 मई 2026 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की प्रस्तावित बहु-राष्ट्रीय यात्रा का स्वागत किया है। संगठन का मानना है कि यह दौरा भारत के व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा देगा।

फियो के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन ने कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत व्यापारिक साझेदारियां और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने पर जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि यूएई और यूरोपीय देशों के साथ उच्च-स्तरीय वार्ताएं भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और वैश्विक भूमिका को दर्शाती हैं।


रल्हन के अनुसार, इस दौरे से इंजीनियरिंग, स्वच्छ ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने यूएई को भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार बताते हुए कहा कि यह देश मध्य पूर्व और अफ्रीका में भारतीय निर्यात के लिए महत्वपूर्ण द्वार है। यूरोप को भारत के लिए बड़ा निर्यात बाजार बताते हुए उन्होंने कहा कि हालिया भारत-ईयू और भारत-इएफटीए समझौतों के बाद इस यात्रा का महत्व और बढ़ गया है।

Uturn Time 15 May 2026_Layout 2 14-05-2026 23:42 Page 2



# अरे ओह... कितनी रेड हुई ? ED का डर, पंजाब में दूर-दूर तक

शोले में गब्बर सिंह की डरावनी साख की तरह जिसका नाम कभी ₹50 कोस दूर तक₹ गूंजता था, अब पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कदमों के साथ भी वैसी ही बेचैनी का माहौल नजर आ रहा है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

पंजाब के उद्योग और बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा की हालिया गिरफ्तारी ने इस माहौल को और तेज कर दिया है। कथित नकली जीएसटी एक्सपोर्ट और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी, उनकी गिरफ्तारी एऊद्वारा पांच जगहों पर की गई रेड के बाद हुई है, जिसमें चंडीगढ़ स्थित उनका घर भी शामिल है। यह कार्रवाई एक सामान्य पूछताछ से हटकर, बड़े राजनीतिक असर वाली एक गंभीर जांच की ओर बदलाव का संकेत देती है।

कुछ ही दिन पहले, मोहाली और चंडीगढ़ में ED की रेड के दौरान एक चौंकाने वाला नजारा देखने को मिला, जो जमीन धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से जुड़ा था। खरड़ में, ऐसी खबरें आईं कि 500 रुपये के नोटों से भरे बैग नौवीं मंज़िल की खिड़की से बाहर फेंके गए। इस घटना को तुरंत ₹कैश की बारिश₹ नाम दे दिया गया। अगर यह बात सच साबित होती है, तो यह कथित गड़बड़ियों की गंभीरता और ऐसी कानूनी कार्रवाइयों से पैदा होने वाली घबराहट, दोनों को दिखाता है।

एजेंसी का ध्यान अब रियल एस्टेट सेक्टर पर भी गया है। कारोबारियों के अन्य ठिकानों पर की गई तलाशी से जमीन के गलत इस्तेमाल और निवेशकों के पैसों के गलत इस्तेमाल के आरोपों की ओर इशारा मिलता है। ये कोई छोटे-मोटे आरोप नहीं हैं, बल्कि ये ऐसी व्यवस्थागत चिंताएं हैं जो इस इलाके में शहरी विकास की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े करती हैं।

रेड की यह सिलसिला राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल से जुड़े ठिकानों पर पहले हुई कार्रवाई के बाद आया है, जिससे लगता है कि यह एक बड़े पैमाने पर की जा रही कानूनी कार्रवाई है। चाहे ये मामले आपस में जुड़े हों या अलग-अलग हों, इनका कुल मिलाकर असर साफ है: एऊकी मौजूदगी का एहसास राजनीतिक और कारोबारी, दोनों ही क्षेत्रों में हो रहा है।

यहां, गब्बर से की गई तुलना सिर्फ.एक अंदाज-ए-बयां नहीं रह जाती, बल्कि यह एक प्रतीक बन जाती है। फि ल्म में, गब्बर का डर एक तरह का अनुशासन बनाए रखता था, भले ही वह डर की वजह से ही क्यों न हो। एक लोकतंत्र में, कानूनी एजेंसियों को डर पर नहीं, बल्कि निष्पक्षता, सही प्रक्रिया और पारदर्शिता पर भरोसा करना चाहिए। उनके पास जो ताकत है, उससे नागरिकों को भरोसा मिलना चाहिए, न कि वे परेशान हों।

असली इम्तिहान यहीं पर है।

क्या ये रेड जवाबदेही की दिशा में उठाया गया कोई निर्णायक कदम हैं, या फिर इन्हें राजनीतिक खींचतान के नजरिए से देखा जाएगा? इसका जवाब सिर्फ.आरोपों पर ही नहीं, बल्कि इसके बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की ईमानदारी पर भी निर्भर करेगा।

आज पंजाब एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां उसे एक अहम फैसला लेना है। यह नजारा भले ही किसी फि ल्मी दृश्य जैसा लगे, एक मंत्री की गिरफ़्तारी, खिड़कियों से फेंका जाता कैश, और कई क्षेत्रों की गहन जाँच, लेकिन इसके नतीजे बेहद वास्तविक हैं। शासन-प्रशासन, निवेशकों का भरोसा और जनता का विश्वास, ये सभी इस समय दाँव पर लगे हैं।

# आज से दिल्ली-हलवारा फ्लाइट सेवा शुरू, उद्योग और व्यापार को मिले पंख

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 14 मई। लुधियाना के हलवारा एयरपोर्ट से दिल्ली के बीच 15 मई से फ्लाइट शुरू हो जाएंगी। एयर इंडिया ने करीब एक महीने पहले से फ्लाइट्स के लिए बुकिंग विंडो खोल दी थी। बुकिंग शुरू हुए एक महीने 14 दिन का वक्त हो गया अधिकारियों को कहना कि शुरूआती दौर में यात्रियों की संख्या कम है परंतु धीरे-धीरे यात्रियों की संख्या बढ़ेगी 156 सीटों वाले जहाज में 138 सीटें पैसेंजर के लिए हैं जबकि अन्य सीटें आरक्षित हैं। दिल्ली से लुधियाना के लिए 15 मई को जो पहली फ्लाइट उड़ान भरेगी उसमें रविवार सुबह तक सिर्फ 50 के करीब सीटें बुक हुई हैं। उसमें से भी ज्यादातर सीटें लुधियाना के नेताओं की हैं। नया एयरपोर्ट लुधियाना, पंजाब को और खुशहाली देगा।

स्मार्ट सिटी लिमिटेड के पुराने डायरेक्टरो में से एक, संजय गोयल ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेशनल कैपिटल और लुधियाना के हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच रेगुलर फ़्लाइट शुरू करने के फैसले का स्वागत किया है। देर आए दुरुस्त आए - हालांकि लुधियाना के पास हलवारा में नई टर्मिनल बिल्डिंग से रेगुलर ऑपरेशन शुरू होने वाले हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगर आने वाले महीनों में लुधियाना और मुंबई के बीच भी रेगुलर कनेक्टिविटी हो जाती है, तो दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट के जरिए लुधियाना न सिर्फ.भारत के बाकी एयरपोर्ट से बल्कि दुनिया के भी सबसे अच्छे एयरपोर्ट से जुड़ा होगा।

लुधियाना ज्योग्राफि कल तौर पर पंजाब के सेंटर में है, जिसे भारत का मैनचेस्टर भी कहा जाता है। लुधियाना न सिर्फ. पंजाब बल्कि नॉर्थ इंडिया के भी टॉप इंडस्ट्रियल शहरों में से एक है, इसलिए रेगुलर एयरपोर्ट बनने से बिजनेस, टूरिज्म वगैरह को बढ़ावा मिलेगा अभी तक विदेशी ग्राहकों को लुधियाना लाने के लिए दिल्ली या अमृतसर से 5-7 घंटे की टैक्सी करानी पड़ती थी। अब वे सीधे लुधियाना लैंड कर सकेंगे। इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मीटिंग्स और निवेश बढ़ेगा। यहां से कार्गो फ्लाइट्स भी शुरू होने की योजना है, जिससे लुधियाना के उत्पाद सीधे विदेशों में एक्सपोर्ट हो सकेंगे। कार्गो सेवा दूसरे चरण में शुरू की जाएगी।




## समय और पैसे की होगी भारी बचत

अनुमान है कि हवाई एयरपोर्ट शुरू होने पर व्यापारियों की समय और पैसे की भारी बचत होगी यार सुविधा न होने के कारण रोजाना लगभग हजारों की संख्या में लोग ट्रेन और टैक्सी से लुधियाना दिल्ली के बीच यात्रा करते थे हलवारा एयरपोर्ट शुरू होने से न केवल समय बचेगा, बल्कि दिल्ली जाने वाली सड़कों पर ट्रैफिक और प्रदूषण भी कम होगा लुधियाना के अलावा मोगा, बरनाला, बठिंडा और फिरोजपुर जैसे जिलों के लोगों को अब चंडीगढ़ या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फायदे....

**लुधियाना समेत पंजाब की इकोनमी को मिलेगा फायदा :** हलवारा एयरपोर्ट के शुरू होने से केवल लुधियाना की इंडस्ट्री को नहीं बल्कि पूरे मालवा रिजन को इसका फायदा मिलेगा। लुधियाना के कारोबार को बूस्ट मिलेगा तो पंजाब की इकोनमी को भी फायदा होगा।

## बड़े विमानों की हो सकेगी लैंडिंग

लुधियाना के पुराने साहनेवाल एयरपोर्ट का रनवे (स्ट्रिप) बहुत छोटी होने के करण केवल 42-70 सीटों वाले छोटे विमान ही उतर सकते थे। हलवारा का रनवे काफी लंबा है, जिससे यहाँ Airbus A321 और बोइंग 737 जैसे बड़े कमर्शियल विमान आसानी से उतर सकेंगे।

## जीरो विजिबिलिटी में भी उड़ान भरने की क्षमता

सर्दियों के दौरान घना कोहरा उड़ानों के लिए बड़ी बाधा बनता है। हलवारा एयरपोर्ट में CAT-II नेविगेशन सिस्टम और आधुनिक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (ILS) से लैस है। इससे घने कोहरे या खराब मौसम में भी विमान सुरक्षित तरीके से लैंड और टेक-ऑफ कर सकेंगे।

## बढेगा लुधियाना की इंडस्ट्री का कारोबार

जालंधर और अमृतसर में हुए बम धमाकों के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। भारतीय वायुसेना के महत्वपूर्ण हलवारा एयरफोर्स स्टेशन और आसपास के इलाकों में पुलिस द्वारा विशेष नाकाबंदी और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## गांव पंचायतों और आम लोगों से अपील

गौरतलब है कि हलवारा एयरफोर्स स्टेशन देश के महत्वपूर्ण लड़ाकू विमान अड्डों में शामिल है। यहां पहले से ही तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है। इसके बावजूद किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए बाहरी इलाकों, नेशनल हाईवे और लिंक सड़कों पर निगरानी और बढ़ा दी गई है। गांव पंचायतों और आम लोगों से अपील की गई है कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## संजीव अरोड़ा का हलवारा कनेक्शन रहा डिस्कनेक्ट

पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा का हलवारा कनेक्शन शुरू से ही डिस्कनेक्ट रहा है हालांकि एयरपोर्ट शुरू करने के लिए कथित तौर पर उन्होंने खूब भाग दौड़ की और संबंधित विभाग के मंत्रियों से भी मिले हालांकि भाजपा कैबिनेट मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने हलवारा एयरपोर्ट शुरू करने के लिए अपने कथित प्रयासों की बात की परंतु संजीव अरोड़ा भी खूब सक्रिय रहे बताए जाते हैं परंतु इसे संजोग कहे या समय का फेर 1 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन करने के अवसर पर संजीव अरोड़ा अस्पताल में भर्ती थे और मौके पर नहीं पहुंच सके अब जबकि कल हलवारा एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट आ रही है एन वक्त पर वह ई डी की हिरासत में होने के कारण इस अवसर पर भी नहीं पहुंच पाएंगे जबकि दूसरी ओर बताया जा रहा है कि रवनीत सिंह बिट्टू अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ मौके पर उपस्थित होंगे जो पहली फ्लाइट में हलवारा पहुंचेंगे।

# सीबीएसई 12वीं परिणाम: आत्म पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों का सम्मान



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज के आशीर्वाद से आत्म पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12वीं के उत्कृष्ट परिणामों के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहा गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल श्रीमती वंदना सेठी ने छात्रों का स्वागत करते हुए की और उनकी मेहनत की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, विनम्रता और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। स्कूल के अध्यक्ष संजीव हीरा लाल जैन ने भी छात्रों को निरंतर प्रयास करने और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने का संदेश दिया। विज्ञान वर्ग में देव अरोड़ा ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनिश जैन 92.4 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। आर्ट्स वर्ग में अनमोलप्रीत कौर 87.4 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। वहीं कॉमर्स वर्ग में रोहन कुमार सिंह और अशाप्रीत कौर ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

लुधियाना
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 शुक्रवार, 15 मई 2026



पेज 06 सन्मति विमल जैन स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं...

# धागा कारोबारी पर दूसरे दिन खत्म हुई ईडी की रेड, जालंधर के रियल एस्टेट कारोबारी से जुड़े हैं तार

## गेमिंग एप का पैसा ठिकाने लगाने वाले कारोबारी पर रेड का मामला






लुधियाना/यूटर्न/14 मई। लुधियाना में गेमिंग एप का पैसा ठिकाने लगाने के आरोप में धागा कारोबारी हीरा सचदेवा पर बुधवार को ईडी की टीमों ने रेड की थी। यह रेड वीरवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तक जारी रही। इस दौरान टीमों द्वारा हीरा सचदेवा के कारोबार, प्रॉपर्टियों और बैंक का नया और पुराना डेटा एकत्रित किया। जिसकी मौके पर जांच की गई। हालांकि भारी मात्रा में टीमें दस्तावेज अपने साथ भी लेकर गई हैं। चर्चाएं हैं कि जल्द इस मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है। हालांकि ईडी की ओर से आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वहीं इस रेड के दौरान इंडस्ट्रियल सेक्टर में हड़कंप मच गया। रेड खत्म होने तक लोग एक दूसरे को कॉल करके मामले की जानकारी लेते रहे। वहीं चर्चा है कि हीरा सचदेवा के तार जालंधर के एक रियल एस्टेट कारोबारी के साथ जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। चर्चा है कि इनकी ओर से हवाले का पैसा भी इधर उधर किया जा रहा था। लेकिन अब यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### कई यार्न कारोबारी शक के घेरे में

हीरा सचदेवा की आरके रोड पर यार्न की फैक्ट्री है। चर्चा है कि दिखाने को तो वे धागे का कारोबार कर रहा था। लेकिन अंदरखाते गेमिंग एप का पैसा इधर से उधर किया जा रहा था। वहीं चर्चा है कि उक्त फर्म के साथ व्यापार और पेमेंट का लेनदेन करने वाले कई यार्न कारोबारी भी शक के घेरे में हैं। जिनका डाटा ईडी द्वारा खंगाला जा रहा है।

### आखिर क्या होता है यूएसडीटी डॉलर

बता दें कि यूएसडीटी भारत में बैन है। लेकिन इसके जरिए ही पूरा खेल किया जा रहा था। यूएसडीटी एक स्टेबलकॉइन है, जिसकी वैल्यू लगभग 1 एक यूएस डॉलर के बराबर रहती है। गेमिंग ऐप्स में इसका इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि यह कई प्रैक्टिकल फायदे देता है। इसमें बिटक्वाइन की तरह ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं होता, इसलिए गेमिंग में रियल वैल्यू बनाए रखना आसान होता है। यूएसडीटी से तेजी से लेनदेन होता है। इससे दुनिया के किसी भी कौने से ट्रांजेक्शन की जा सकती है। वहीं यूएसडीटी डॉलर को जल्दी ट्रेस करना आसान नहीं होता। इसके जरिए बड़ी से बड़ी पेमेंट इधर से उधर हो जाती है।

USDT

### यूएसडीटी के जरिए होता था पूरा खेल

चर्चा है कि हीरा सचदेवा द्वारा गेमिंग एप का ज्यादा पैसा यूएसडीटी के जरिए ही खपाया जाता था। दरअसल, यह चैनल फास्ट और भारी अमाउंट के लिए काफी फायदेमंद है। इसी लिए हीरा सचदेवा ही नहीं बल्कि दुनिया के 90 प्रतिशत हेरफेर करने वाले लोग इसी का इस्तेमाल करते हैं। यहां तक कि इसके जरिए हवाला कारोबार भी आसानी से होता है।

Treasure NFT

### ट्रेजर एनएफटी ठगी में भी शहर के कई लोग शामिल

पंजाब में पिछले कुछ समय के दौरान ट्रेजर एनएफटी का भी काफी चलन हुआ था। ट्रेजर एनएफटी के जरिए लाखों लोगों ने अपना पैसा इन्वेस्ट किया। जिसमें 40 दिन में पैसे दोगुने करने का लालच दिया गया। लेकिन फिर एकदम कंपनी ने अपने नियम बदल दिए और लोगों का अरबों रुपए फंस गए। हालांकि इस कंपनी द्वारा आगे ठेकेदार बना रखे थे। जिन्हें हर महीने 8 से 10 लाख रुपए सैलरी मिलती थी, ताकि वे लोगों को झांसे में फंसाकर इन्वेस्ट करवा सके। लुधियाना में इसके कई ठेकेदार मौजूद है। चर्चा है कि ईडी जल्द इस मामले में भी एक्शन ले सकती है। ट्रेजर एनएफटी में भी यूएसडीटी का इस्तेमाल होता है।


## बैंक द्वारा सील की बिल्डिंग में से मिली लाश

लुधियाना/यूटर्न/14 मई। सैदा चौक स्थित पुरानी माधोपुरी इलाके में बैंक द्वारा सील की एक हुई कमर्शियल बिल्डिंग में एक व्यक्ति की लाश बरामद हुई है। थाना डिवीजन नंबर तीन की पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पहचान के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अभी मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि मृतक व्यक्ति उक्त बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड था।उसकी कुछ दिन पहले मौत हो गई थी। लेकिन किसी को पता नहीं चल सका। वीरवार को जब बदबू आने लगी तो इलाके के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो मामले का खुलासा हुआ।



## हुनर और मेहनत का शानदार नतीजा, अंबर संधू को एप्लाइड आर्ट में मिले पूरे 100 अंक

लुधियाना/यूटर्न/14 मई। सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूलों और परिवारों का नाम रोशन किया है। इन्हीं होनहार विद्यार्थियों में सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा अंबर संधू ने भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अंबर संधू ने एप्लाइड आर्ट विषय में पूरे 100 में से 100 अंक हासिल कर एक विशेष उपलब्धि अपने नाम की है। उनकी इस सफलता से परिवार, स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। अंबर संधू पंजाब के स्टेट इंफॉर्मेशन कमिश्नर हरप्रीत संधू की बेटी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ और मित्रों ने उन्हें बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि अंबर की मेहनत, अनुशासन और रचनात्मक सोच ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। उन्होंने बताया कि अंबर शुरू से ही पढ़ाई और कला गतिविधियों में बेहद प्रतिभाशाली रही हैं। परिवार ने भी अंबर की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अंबर की इस उपलब्धि ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है।




# चीनी पर 'नो एंट्री'! भारत ने सितंबर 2026 तक लगाया एक्सपोर्ट बैन, महंगाई रोकने की बड़ी तैयारी

लुधियाना/यूटर्न/14 मई। घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों को काबू में रखने और भविष्य में संभावित कमी से बचने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से सितंबर 2026 तक रोक लगा दी है।

वाणिज्य मंत्रालय के तहत डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (DGFT) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कच्ची, सफेद और रिफाइंड चीनी के निर्यात को 'रिस्ट्रिक्टेड' से बदलकर 'प्रोहिबिटेड' श्रेणी में डाल दिया। यानी अब नई शुगर एक्सपोर्ट डील्स पर पूरी तरह रोक रहेगी।

सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है जब देश में चीनी का क्लोजिंग स्टॉक तेजी से घटने की आशंका जताई जा रही है। अनुमान है कि 2025-26 सीजन के अंत तक देश में केवल 45 लाख टन चीनी का स्टॉक बचेगा, जो 2016-17 के बाद सबसे निचला स्तर होगा। सरकार को डर है कि अल नीनो के कारण कमजोर मानसून, मिडिल ईस्ट संकट और खाद की संभावित कमी अगले सीजन के उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। यही वजह है कि सरकार ने 'पहले देश, फिर निर्यात' की नीति अपनाते हुए यह कदम उठाया है।



हालांकि जिन खेपों की लोडिंग 13 मई से पहले शुरू हो चुकी थी या जो कस्टम विभाग को पहले ही सौंप दी गई थीं, उन्हें निर्यात की अनुमति रहेगी। यूरोपियन यूनियन और अमेरिका को विशेष कोटा व्यवस्था के तहत होने वाला निर्यात भी जारी रहेगा।

इससे पहले सरकार ने नवंबर 2025 में 15 लाख टन चीनी निर्यात की मंजूरी दी थी और फरवरी 2026 में अतिरिक्त 5 लाख टन एक्सपोर्ट कोटा खोला गया था। लेकिन अब अचानक नीति बदलने से चीनी मिलों और व्यापारियों में बेचैनी बढ़ गई है। कई कंपनियां पहले ही विदेशी खरीदारों के साथ सौदे कर चुकी थीं। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस बार उत्पादन अनुमान उम्मीद से कम रह सकता है और सीजन खत्म होने तक स्टॉक सिर्फ 40 लाख टन के आसपास पहुंच सकता है, जो घरेलू मांग के लिए पर्याप्त नहीं माना जा रहा। सरकार के फैसले का असर वैश्विक बाजार में भी तुरंत दिखा। न्यूयॉर्क में रॉ शुगर फ्यूचर्स 2 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए, जबकि लंदन में व्हाइट शुगर की कीमतों में करीब 3 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

Uturn Time 15 May 2026_Layout 2 14-05-2026 23:42 Page 4



# निकाय चुनावों में भाजपा की जीत विकास मॉडल पर जनता की मुहर : नायब सैनी







पंचकूला/यूटर्न/14 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति पर जनता की मुहर बताया। पंचकूला में आयोजित नव-निर्वाचित मेयर, चेयरमैन और पार्षदों के सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर भरोसा जताते हुए 'ट्रिपल इंजन सरकार' को चुना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने कांग्रेस की परिवारवाद और नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। अब लोग केवल वादे नहीं बल्कि जमीन पर विकास कार्य देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हिसार, गुरुग्राम, यमुनानगर, फरीदाबाद, पंचकूला, अंबाला और सोनीपत में भाजपा को मिला समर्थन विकास मॉडल की जीत है। नायब सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से गरीब, किसान, महिला, युवा और व्यापारी वर्ग को लाभ मिला है। उन्होंने नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों से जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि विधानसभा चुनावों में लिए गए 217 संकल्पों में से 63 को सरकार पूरा कर चुकी है।

# श्री राम ग्लोबल स्कूल WOW Moms -5 ऑडिशन आयोजित



















लुधियाना/यूटर्न/14 मई। श्री राम ग्लोबल स्कूल में आयोजित WOW Moms सीजन-5 के ऑडिशन ने शहर में उत्साह और प्रतिभा का शानदार माहौल बना दिया। 16 मई 2026 को होने वाले ग्रैंड फिनाले से पहले हुए इन ऑडिशन में माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन किया। डांस, म्यूजिक और 'एंटरप्रेन्योरियल जर्नी टू फ्रीडम' जैसी श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अपनी कला और जीवन के प्रेरणादायक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर तालियों, उत्साह और भावुक पलों से गूंजता रहा। कई प्रतिभागियों ने अपनी संघर्ष और सफलता की कहानियों से सभी को प्रेरित किया।

इस बार आयोजन में 'यंग फैशनिस्टा' नामक नई श्रेणी भी जोड़ी गई, जिसमें 2.5 से 6 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। नन्हे प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास और क्यूट रैंप वॉक से सभी का दिल जीत लिया। चयनित बच्चे ग्रैंड फिनाले में भी हिस्सा लेंगे। WOW Moms अब केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, पहचान और सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुका है। आयोजकों के अनुसार, इस बार का फिनाले पहले से ज्यादा भव्य और यादगार होगा। शहरवासियों को 16 मई के इस खास आयोजन का बेसब्री से इंतजार है।

## क्लर्कों की बेसिक सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर कर्मचारी यूनियन ने डीसी से की मुलाकात



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। पंजाब स्टेट जिला (डीसी कार्यालय) कर्मचारी यूनियन, लुधियाना के प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन से मुलाकात कर 17 जुलाई 2020 के बाद भर्ती हुए क्लर्कों की बेसिक सैलरी बढ़ाने की मांग उठाई। यूनियन ने आग्रह किया कि नए क्लर्कों को भी पुराने कर्मचारियों की तरह समान वेतनमान दिया जाए। जानकारी के अनुसार, फरवरी और मार्च 2023 में डीसी कार्यालय में करीब 70 क्लर्कों की नियुक्ति हुई थी। पंजाब सरकार के वित्त विभाग के 17 जुलाई 2020 के पत्र के अनुसार, इन कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 19,900 रुपये तय की गई थी, जबकि इससे पहले भर्ती कर्मचारियों को 33,300 रुपये मिल रहे हैं। यूनियन ने बताया कि इस मुद्दे पर अदालत भी फैसला दे चुकी है, जिसमें कहा गया है कि किसी प्रशासनिक आदेश के जरिए कर्मचारियों के निर्धारित वेतनमान को कम नहीं किया जा सकता। अदालत के फैसले के बाद कई विभागों में नए क्लर्कों की बेसिक सैलरी बढ़ाकर 31,100 रुपये कर दी गई है। यूनियन ने डीसी हिमांशु जैन से मांग की कि लुधियाना में भी 17 जुलाई 2020 के बाद भर्ती क्लर्कों की बेसिक सैलरी 19,900 रुपये से बढ़ाकर 31,100 रुपये की जाए, ताकि सभी कर्मचारियों को समान लाभ मिल सके।

## बीवीएम, यूएसएन का सीबीएसई कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। भारतीय विद्या मंदिर, ऊधम सिंह नगर, लुधियाना ने सीबीएसई कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा सत्र (2025-26) में शानदार परिणाम लाकर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की विरासत में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया है। तीनों स्ट्रीम - मेडिकल, नॉन मेडिकल और कॉमर्स के छात्रों के असाधारण प्रदर्शन से विद्यालय का परिसर खुशी, गर्व तथा उल्लास से गूंज उठा। छात्रों के अटूट समर्पण, शिक्षकों के अथक प्रयासों और स्कूल प्रबंधन के दूरदर्शी मार्गदर्शन को दर्शाते हुए, यह उत्कृष्ट प्रदर्शन ज्ञान, अनुशासन, आत्मविश्वास और मूल्यों के साथ युवा मनों के पोषण के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वाणिज्य विभाग के छात्रों ने रचनात्मकता, बुद्धिमत्ता और गहन अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें अलीशा तांगरी ने 96.6% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, कृतिका शर्मा ने 95.2% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान और कृतिका शर्मा ने 94.6% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। नॉन मेडिकल विभाग में भी छात्रों ने प्रभावशाली अंकों और रणनीतिक कुशलता का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भूमिका बसलियाल और गौरव ने 94.4% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, रिजुल जैन ने 93.4% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान और श्रेया नेगी ने 83% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेडिकल में भी छात्रों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। मांत्रा बलूनी ने 90.2% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, अंजली यादव ने 89.6% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान और सोनाक्षी नरूला ने 88% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शुक्रवार, 15 मई 2026



पेज 12 ओमान के पास ड्रोन हमले के बाद भारतीय मालवाहक...

# हर हफ़्ते 2 दिन 'वर्क फ्रॉम होम', 'नो-कार डे', ऑनलाइन मीटिंग्स: पीएम की अपील के बाद दिल्ली सरकार का कदम

चंडीगढ़/यूटर्न/14 मई। दिल्ली सरकार ने गुरुवार को कई उपायों की घोषणा की, जिनका मकसद ईंधन की खपत कम करना और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना है। ये उपाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समझदारी से खर्च करने और ईंधन बचाने की अपील के अनुरूप हैं।

इन नए उपायों के तहत, दिल्ली सरकार के सभी कर्मचारी हर हफ़्ते दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम) करेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि यात्रा और ईंधन के इस्तेमाल को कम करने के लिए अब 50% सरकारी मीटिंग्स ऑनलाइन होंगी। दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (MCD) भी दफ़्तर के समय में बदलाव करेंगे, ताकि पीक आवर्स (सबसे ज्यादा भीड़ वाले समय) में ट्रैफिक जाम और ईंधन की खपत को कम करने में मदद मिल सके।



## गाड़ियों का इस्तेमाल होगा कम

इसके अलावा, सरकार ने सरकारी गाड़ियों के इस्तेमाल को कम करने का फैसला किया है। अधिकारियों को मिलने वाले पेट्रोल की सीमा में 20% की कटौती की गई है, जिससे मासिक सीमा 200 लीटर से कम हो गई है। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक और कदम उठाते हुए, दिल्ली में एक ₹मेट्रो डे₹ मनाया जाएगा, जबकि सरकार लोगों से हर हफ़्ते एक बार ₹नो-कार डे₹ (बिना गाड़ी वाला दिन) मनाने की अपील भी करेगी।

## नई गाड़ी नहीं खरीदी जाएगी

दिल्ली सरकार ने आगे घोषणा की कि वह अगले छह महीनों तक कोई नई गाड़ी नहीं खरीदेगी। कर्मचारियों के बीच सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए, सरकारी कर्मचारियों के लिए 29 सरकारी कॉलोनियों में 58 विशेष बसें चलाई जाएंगी। ये उपाय प्रधानमंत्री की उस अपील के बाद आए हैं, जिसमें उन्होंने नागरिकों से अन्य उपायों के साथ-साथ अनावश्यक ईंधन की खपत कम करने का आग्रह किया था। शहर सरकार ईंधन बचाने और ज़िम्मेदारी से उपभोग करने में नागरिकों को योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक अभियान शुरू करने की भी योजना बना रही है।

## पीएम ने की थी लोगों से अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में नागरिकों से सात अपीलें कीं, जिसमें उन्होंने उनसे ईंधन की खपत कम करने, एक साल के लिए सोने की खरीदारी टालने, अनावश्यक विदेश यात्रा और विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग से बचने, और जहाँ भी संभव हो सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग और 'वर्क फ्रॉम होम' के विकल्पों का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि ये अपीलें कोई ₹कठोरता के उपाय₹ या औपचारिक आर्थिक प्रतिबंध नहीं हैं, बल्कि बढ़ती वैश्विक ऊर्जा कीमतों और चल रहे ईरान संघर्ष तथा 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में रुकावट के कारण भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव के बीच ज़िम्मेदारी से उपभोग और आर्थिक देशभक्ति₹ का आह्वान हैं।

# नगर निकाय चुनाव: सोनीपत और पंचकूला के बाद, अंबाला में बीजेपी की जबरदस्त जीत

चंडीगढ़/यूटर्न/14 मई। बुधवार को अंबाला नगर निगम चुनावों में बीजेपी ने शानदार जीत दर्ज की। पार्टी ने मेयर का पद बरकरार रखा और सदन के 20 में से 16 वार्डों में जीत हासिल की। बीजेपी उम्मीदवार अक्षिता सैनी 21,358 वोटों के अंतर से कांग्रेस उम्मीदवार कुलविंदर कौर को हराकर मेयर चुनी गई। अक्षिता को 52,794 वोट मिले, जबकि कुलविंदर को 31,436 वोट मिले। अभ्रढ और INLD के समर्थन वाली निर्दलीय उम्मीदवार सोनिया रानी को 21,730 वोट मिले। कांग्रेस सिर्फ.तीन वार्डों में ही जीत हासिल कर पाई, जबकि वार्ड 15 पर निर्दलीय उम्मीदवार मनोज शर्मा ने जीत हासिल की, जिन्हें बागी माना जाता है। जीतने वाले उम्मीदवारों में बीजेपी के विशाल राणा ने वार्ड 1 से, वर्षा रानी ने वार्ड 2 से, मनीष आनंद ने वार्ड 3 से, वरिंदर नाथ ने वार्ड 4 से, राजेश मेहता ने वार्ड 5 से, अर्चना छिब्बर ने वार्ड 6 से और मोनिका माल ने वार्ड 7 से जीत हासिल की। कांग्रेस उम्मीदवार गुणजीत कौर ने वार्ड 8 जीता।



## बीजेपी उम्मीदवार जीते

बीजेपी उम्मीदवार शिवानी सूद, गुरविंदर सिंह और कविता रानी ने क्रमश: वार्ड 9, 10 और 11 से जीत हासिल की। कमल कांत गुप्ता ने वार्ड 12 जीता, जबकि शोभा सिंह ने बीजेपी के लिए वार्ड 13 जीता। कांग्रेस उम्मीदवार पूनम शर्मा और पुनीत ने क्रमश: वार्ड 14 और 19 जीते। निर्दलीय मनोज शर्मा ने वार्ड 15 जीता, जबकि बीजेपी उम्मीदवार निकुंज, गुरप्रीत सिंह, हितेश जैन और सपना रानी ने क्रमश: वार्ड 16, 17, 18 और 20 जीते।

## आप ने सात वॉर्डों में उम्मीदवार उतारे

AAP ने सात वार्डों में उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन चुनावों में कोई खास असर नहीं डाल पाई। जीत के बाद, बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं ने अंबाला शहर में एक रोड शो निकाला, जिसमें उन्होंने पार्टी का समर्थन करने के लिए मतदाताओं का शुक्रिया अदा किया। बीजेपी के ज़िला प्रभारी धर्मवीर मिर्जापुर ने कहा, 'अंबाला की जनता ने ह्यट्रिपल-इंजन' वाली सरकार बनाई है। इस जीत से बीजेपी को एक नई ऊर्जा मिली है और इसका असर पंजाब चुनावों पर भी पड़ेगा।'

## मतदाताओं का बीजेपी की नीतियों पर भरोसा

पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि मतदाताओं ने बीजेपी की नीतियों पर अपना भरोसा फिर से जताया है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य अंबाला को एक विकसित शहर के रूप में विकसित करना है। अंबाला की जनता ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है, जो नकारात्मक राजनीति में लिप्त थे और बीजेपी द्वारा किए गए कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे। ये चुनावी नतीजे कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका साबित हुए, खासकर इसलिए क्योंकि अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह और अंबाला के सांसद वरुण चौधरी, दोनों ही कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। कांग्रेस ने 19 वार्डों में अपने चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ा था, जबकि वार्ड 5 में उसने एक निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन किया था।

# डॉ. एवीएम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

- 96.15 प्रतिशत अंक हासिल करके अनुष्का ने हासिल किया पहला स्थान, डायरेक्टर राजीव कुमार लवली और प्रिंसिपल मनीषा गाबा ने विद्यार्थियों व स्टाफ को दी बधाई



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। डॉ. एवीएम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नजदीक ईसा नगरी पुली का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस बार भी 100 प्रतिशत रहा। स्कूल के 107 विद्यार्थियों में से अनुष्का ने 96.15 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। इसी के साथ ही स्टेट मेरिट में अनुष्का 20वें स्थान पर रही है। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार लवली और प्रिंसिपल मनीषा गाबा ने शानदार परिणामों के लिए सभी विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का अहम योगदान है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक समिति ने अनुष्का को पुरस्कार स्वरूप 11,000 रुपये की राशि भेंट की, जबकि अन्य सभी विद्यार्थियों को गुलाब के फूल देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में, दसवीं कक्षा के परिणामों में अनुष्का ने 96.15 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, दमनजोत कौर ने 94.30 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और यशिका ने 90.46 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 10 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए, जबकि कई विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत तथा 24 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत तक अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की।

# कांग्रेस द्वारा जगराओं नगर काउंसिल चुनाव के लिए उम्मीदवारों का ऐलान



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। कांग्रेस ने जगराओं नगर काउंसिल चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ऑब्जर्वरपवन दीवान ने आज जगराओं में पूर्व विधायक जगतार सिंह जग्गा, वरिष्ठ नेता राजेश्वर सिद्धू, ब्लॉक शहरी अध्यक्ष हरप्रीत सिंह और ब्लॉक देहाती अध्यक्ष नवदीप सिंह ग्रेवाल की मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। इस मौके पर जानकारी देते हुए, दीवान ने बताया कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जगराओं नगर काउंसिल चुनाव के लिए वार्ड नंबर 1 से गुरप्रीत कौर (जनरल महिला), वार्ड नंबर 2 से अवतार सिंह विरक (जनरल), वार्ड नंबर 3 से रजिंदर कौर (जनरल महिला), वार्ड नंबर 4 से बलवीर सिंह (जनरल), वार्ड नंबर 5 से सरोज रानी (जनरल महिला), वार्ड नंबर 6 से जरनैल सिंह (एस.सी.), वार्ड नंबर 7 से मनजीत कौर (एस.सी. महिला), वार्ड नंबर 8 से विक्की सिंह (एस.सी.), वार्ड नंबर 9 से परमिंदर कौर (एस.सी. महिला), वार्ड नंबर 10 से बहादर सिंह जोधां (जनरल), वार्ड नंबर 11 से विक्रम जस्सी (बी.सी.), वार्ड नंबर 13 से अनीता रानी (जनरल महिला), वार्ड नंबर 14 से सुखचैन सिंह धालीवाल (जनरल), वार्ड नंबर 15 से गगन सभरवाल (जनरल महिला), वार्ड नंबर 16 से रविंदरपाल सिंह (जनरल) को उम्मीदवार घोषित किया गया है। जबकि वार्ड नंबर 12 के उम्मीदवार की घोषणा बाद में की जाएगी।

Uturn Time 15 May 2026_Layout 2 14-05-2026 23:42 Page 6



# मानव जीवन का हर पल इंसानियत और भक्ति को समर्पित होना चाहिए : सुदीक्षा माता जी

शिव कौड़ा



फगवाड़ा 14 मई। संत निरंकारी मिशन की ओर से बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति को समर्पित समागम संत निरंकारी आध्यात्मिक केंद्र समालखा में परम सत्कारयोग्य सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी की छत्रछाया में आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जानकारी देते हुए संत निरंकारी मंडल ब्रांच फगवाड़ा के संयोजक श्री मलकीत चंद ने बताया कि श्रद्धालुओं ने सतगुरु के पावन दर्शन कर अमृतमयी प्रवचनों का श्रवण किया और आत्मिक शांति, आनंद तथा दिव्य प्रेरणा प्राप्त की। उन्होंने बताया कि समागम के दौरान सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी का संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा और प्रेम-भक्ति की जीवंत मिसाल रहा है। उन्होंने संगत को प्रेरित करते हुए कहा कि मानव जीवन का हर पल सार्थक बनाते हुए हर क्षण इंसानियत, दया और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। बाबा जी की शिक्षा हमेशा यही रही कि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर मानवीय गुणों का विकास कर निरंकार का आश्रय लेते हुए उद्देश्यपूर्ण जीवन व्यतीत करे। सतगुरु माता जी ने कहा कि यदि किसी के जीवन में दुख, दर्द या संघर्ष हो तो हमारा कर्तव्य उसे बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रेम, संवेदनशीलता और सहयोग से उसे कम करना होना चाहिए। जीवन ऐसा हो जो रिश्तों में प्यार और समर्पण की भावना को मजबूत करे—यही सच्ची मानवता का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने के बाद जीवन केवल व्यक्तिगत सीमाओं तक नहीं रहता, बल्कि संपूर्ण मानवता की सेवा और भलाई का माध्यम बन जाता है। सच्ची सेवा दिखावे से परे नम्रता और निष्काम भाव से की जाती है और वास्तविक भक्ति हमारे व्यवहार और कर्मों में झलकती है। अमर संत अवनीत जी के समर्पित जीवन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सच्चा समर्पण वही है जिसमें सेवा का भाव केवल विचारों में नहीं, बल्कि जीवन की प्राथमिकताओं में स्पष्ट दिखाई दे। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियां निभाते हुए भी संगत, सेवा और भक्ति को सर्वोच्च रखा जा सकता है। समागम के दौरान गीतकारों, कवियों और वक्ताओं ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हृदय की गहरी भावनाएं व्यक्त कीं। हर शब्द और हर स्वर आत्मा को छूने वाला था।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या पत्नी बिना Divorce लिए अलग रह सकती है?**




निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

हर वैवाहिक विवाद का समाधान तलाक ही हो, यह जरूरी नहीं है। कुछ परिस्थितियों में पत्नी बिना Divorce लिए भी कानूनी रूप से अलग रह सकती है। यदि पत्नी के साथ क्रूरता (cruelty), घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, या ऐसा व्यवहार हो रहा है जिससे उसके लिए साथ रहना असुरक्षित या असंभव हो जाए, तो वह अलग रहने का निर्णय ले सकती है। ऐसी स्थिति में केवल अलग रहने से उसके कानूनी अधिकार समाप्त नहीं होते। वह maintenance, residence rights या अन्य राहत के लिए अदालत का सहारा ले सकती है। कई मामलों में अदालत यह भी मानती है कि यदि पत्नी के पास अलग रहने का "reasonable cause" है, तो उसे पति के साथ रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, Judicial Separation जैसी कानूनी व्यवस्था भी उपलब्ध है, जिसमें विवाह समाप्त किए बिना अलग रहने की अनुमति ली जा सकती है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति बिना उचित कारण के अलग रहता है, तो इसका प्रभाव maintenance या अन्य अधिकारों पर पड़ सकता है। इसलिए हर मामला उसकी परिस्थितियों के आधार पर तय होता है।

कई लोग यह समझते हैं कि अलग रहने का मतलब अपने आप Divorce हो जाना है, जबकि कानूनी रूप से दोनों पूरी तरह अलग प्रक्रियाएं हैं।

निष्कर्ष: पत्नी कुछ परिस्थितियों में बिना Divorce लिए अलग रह सकती है और अपने कानूनी अधिकार भी बनाए रख सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अलग रहने का उचित और कानूनी आधार होना चाहिए।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

## सब परेशानियों का एक ही उपचार

आज का समय अनेक समस्याओं से घिरा हुआ है। हर तरफ लड़ाई, युद्ध, महंगाई, बेरोजगारी और तनाव जैसी परेशानियाँ इंसान के जीवन को कठिन बना रही हैं। लोग दिन-रात भविष्य की चिंता में डूबे रहते हैं। बढ़ती प्रतिस्पर्धा और भागदौड़ भरी जिंदगी ने मनुष्य के मन से शांति और संतोष छीन लिया है। ऐसे कठिन समय में यदि कोई चीज इंसान को सच्चा मानसिक सुकून दे सकती है, तो वह है प्रभु की भक्ति। प्रभु की भक्ति मन को शांति, धैर्य और सकारात्मक सोच प्रदान करती है। जब इंसान भगवान का स्मरण करता है, प्रार्थना करता है या भजन-कीर्तन में मन लगाता है, तब उसके मन की बेचैनी धीरे-धीरे कम होने लगती है। भक्ति हमें यह विश्वास दिलाती है कि हर कठिनाई के पीछे ईश्वर की कोई न कोई योजना होती है और बुरा समय हमेशा नहीं रहता। भक्ति केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मा की शांति का माध्यम है। यह इंसान को लोभ, क्रोध और भय से दूर रखती है।

जो व्यक्ति प्रभु पर विश्वास रखता है, वह कठिन परिस्थितियों में भी टूटता नहीं बल्कि साहस के साथ आगे बढ़ता है। इसलिए कहा जाता है कि संसार की हर परेशानी का सबसे बड़ा उपचार प्रभु की सच्ची भक्ति है।

# सन्मति विमल जैन स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में दबदबा

## विज्ञान, वाणिज्य और कला संकायों में विद्यार्थियों ने गाड़े सफलता के झंडे

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/14/मई। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (ढएइ) द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगरांव ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। स्कूल का कुल परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिसमें साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स तीनों ही संकायों के विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में अपनी जगह बनाकर इलाके का नाम रोशन किया है।

इस शानदार उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना ने स्कूल को क्षेत्र की अग्रणी संस्था बताया। उन्होंने प्रत्येक स्ट्रीम के मेधावी छात्रों के विवरण साझा किए:

संकायवार प्रदर्शन की झलक

1. विज्ञान संकाय (Science Group)

विज्ञान वर्ग में तनवे वर्मा ने 94.6% अंकों के साथ स्कूल और जगरांव शहर में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जसलीन कौर: 91.8% (तृतीय स्थान)

किरणजोत सिंह राय: 91.2% (चौथा स्थान)

इस ग्रुप के 12 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए।

वाणिज्य संकाय (Commerce Group)

कॉमर्स ग्रुप का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा, जहाँ प्रिया ने 94.4% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ध्रुवी गुप्ता: 94.2% (द्वितीय)

गीतांशु सिंगला: 93.8% (तृतीय)

नवनीत कौर मुंजाल: 93.6% (चौथा)

90% से अधिक अंक: नवदीप कुमार गोयल (93.4%), रजनी देवी (92.4%), कृष्ण सिंह (91.8%), जोत वीर सिंह (91.4%), भूपिंदर सिंह व रोहित कुमार (90.4%), परमवीर सिंह व सुखजोत सिंह क्लेर (90%)। कुल 41 विद्यार्थियों ने 80% से ज्यादा अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया।

कला संकाय (Arts Group)

आर्ट्स में क्रिश ने 92.2% अंकों के साथ टॉप किया।

हर्ष: 91.6% (द्वितीय)

प्रियंका मल्होत्रा: 87.6% (तृतीय)

इस ग्रुप में कुल 28 विद्यार्थी 80% से ऊपर रहे।

उत्सव का माहौल: प्रबंधन ने बढ़ाया उत्साह

शानदार नतीजों के बाद स्कूल परिसर में जश्न का माहौल रहा। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश जैन, उपाध्यक्ष कांता सिंगला और सचिव महावीर जैन ने प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना के साथ सफल विद्यार्थियों का मुँह मीठा करवाया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।

प्रबंधकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर

उपस्थित गणमान्य:

सनी पासी, सरबजीत सिंह धालीवाल, मैडम नरिंदर कौर, कुलविंदर कौर, कुलदीप कौर, हरमीत कौर और नवजीत शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# देबी ने जरुरतमंद परिवारों को वितरित किए मंजूरशुदा पैंशन के दस्तावेज व खुलवाए जीरो बैलेंस खाते



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। पंजाब भाजपा कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने जरुरतमंद बुजुर्गी, विधवा व अपाहिजो के परिवारो को पैंशन के मंजूरशुदा दस्तावेज सौंपे। इस दौरान विभिन्न बैंको में जीरो बैलेंस खाते भी खोले स्थानीय ईसा नगरी स्थित भाजपा कार्यलय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए गुरदेव शर्मा देबी ने कहा जनसेवा ही उनके जीवन का लक्ष्य है। पिछले लंबे समय से इस कार्यलय में चल रहे निशुल्क सुविधा सैंटर के माध्यम से जरुरतमंद परिवारों तक केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओ की जानकारी पंहुचाई जा रही है। निशुल्क आनलाइन आवेदन की व्यवस्था उपलब्ध है। देबी ने केंद्र सरकार की योजानओ की जानकारी जन-जन तक पंहुचाने की बात करते हुए कहा भाजपा का लक्ष्य देश, पंजाब व शहर के आखरी कोने तक बैठे नागरिक तक सरकारी योजनाओ का लाभ पंहुचाना है। पंजाब सरकार की तरफ से चल रहे सुविधा केंद्रो में आम नागरिको को हो रही परेशानियो का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा सरकारी कार्य केवल विज्ञापनों में ही हो रहे हैं। जमीनी स्तर लोग रोजमर्रा के कार्य करवाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इस अवसर पर दीपक जौहर, गुरदीप सिंह नीटू, संजय खटक, जगदीश सभ्रवाल सहित स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे।

# एमजीएम पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने मारी बाजी






एमजीएम स्कूल दुगरी के स्टूडेंट्स विक्टरी साइन दिखाते हुए

लुधियाना/यूटर्न/14 मई। एमजीएम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और मेहनत का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया है। विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया है। विज्ञान संकाय में सुदिति, वाणिज्य संकाय में प्रियांशु मलिक तथा मानविकी संकाय में एंजल ने क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 95.20 प्रतिशत, 91 प्रतिशत और 91.20 प्रतिशत अंक अर्जित किए। सुदिति, विहान और दिया जैन ने क्रमशः 95.20 प्रतिशत, 94.40 प्रतिशत और 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी संकायों में शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। इसके अलावा गंगा सिंह ने मनोविज्ञान विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह उल्लेखनीय सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निरंतर निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। प्रधानाचार्या रंजन कौल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# BVM किचलू नगर ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा में उत्कृष्टता का परचम लहराया












बीवीएम स्कूल किचलू नगर की प्रिंसिपल रंजू मंगल ने सभी स्टूडेंट्स के साथ मनाई खुशी।

लुधियाना/यूटर्न/14 मई। शैक्षणिक उत्कृष्टता और बौद्धिक उपलब्धियों के भव्य प्रदर्शन के रूप में बीवीएम किचलू नगर, लुधियाना ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि वह ज्ञान, नवाचार और समग्र शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र है। यह उपलब्धि विद्यालय की शैक्षणिक अनुशासन, दूरदर्शी मार्गदर्शन और उत्कृष्टता के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है। इस नतीजों में नॉन मेडिकल में शिवांश भारद्वाज ने 98.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। चिराग गुप्ता ने 97.6% के साथ द्वितीय स्थान और मिश्ती गुप्ता ने 93.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कॉमर्स में करण सेहगल ने 97.6% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। गरिमा शर्मा ने 97.4% के साथ द्वितीय स्थान तथा सविनय जिंदल ने 96.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। मेडिकल में त्विषा ने 87.6% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकिता ने 87.2% अंकों के साथ द्वितीय स्थान और रिद्धि ने 86.4% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रंजू मंगल ने इस शानदार उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

# इनाया वाधवा बनी लुधियाना डिस्ट्रिक्ट सेकंड टॉपर, फिजिक्स में पूरे 100 अंक



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, लुधियाना की छात्रा इनाया वाधवा ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। निधि और गौरव वाधवा की बेटी इनाया वाधवा ने नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में 98.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसी के साथ वह स्कूल टॉपर बनने के साथ-साथ लुधियाना जिले की सेकंड टॉपर भी बनी हैं। इनाया ने विशेष रूप से फिजिक्स विषय में 100 में से 100 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों में खुशी की लहर है। स्कूल प्रबंधन ने इनाया की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह मुकाम हासिल किया है। वहीं परिवार ने भी बेटी की सफलता पर गर्व जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनाया की इस उपलब्धि ने अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का काम किया है।

## प्रिंसेस महाजन ने 95 प्रतिशत अंक लेकर मारी बाजी



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। डीएवी पब्लिक स्कूल बीआरएस नगर के स्टूडेंट्स द्वारा सीबीएसई बोर्ड की 12वीं क्लास में शानदार प्रदर्शन किया गया। उसी तरह स्कूल की स्टूडेंट प्रिंसेस महाजन की और से ह्यूमैनिटीज समेस्टर में 95 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल और पेरेंट्स का नाम रोशन किया।

## बीसीएम स्कूल के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई की परीक्षा के साथ साथ स्पोर्ट्स में भी किया शानदार प्रदर्शन



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल शास्त्री नगर के स्टूडेंट्स द्वारा सीबीएसई बोर्ड में 12वीं क्लास की परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन तो किया ही, साथ में इन स्टूडेंट्स द्वारा खेलों में भी शानदार सफलता हासिल की जा रही है। 12वीं कक्षा (सीएफएस) के छात्र कृषव कपलिश ने बोर्ड परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। कृषव न केवल पढ़ाई में बल्कि खेलों में भी अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने पंजाब खेल मेला और राज्य स्तरीय खेलों में दो बार कांस्य पदक प्राप्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्तर के खेल मेले में दो बार स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। लुधियाना जिला चैंपियनशिप में अंडर-19 सिंगल्स श्रेणी में भी उन्होंने स्वर्ण और कांस्य पदक अपने नाम किए हैं।

वहीं कक्षा 12वीं (मेडिकल) के छात्र करुल त्यागी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उन्होंने लुधियाना जिला एसजीएफआई में लगातार 4 वर्षों तक स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पंजाब राज्य एसजीएफआई में भी लगातार 3 वर्षों तक स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इसके अलावा, उन्होंने थर्ड जूनियर एवं सब-जूनियर नेशनल में टीम इवेंट में कांस्य पदक लिया। बैडमिंटन में भी उनका प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने लुधियाना जिला एसजीएफआई टीम में लगातार 4 वर्षों तक स्वर्ण पदक जीता तथा पंजाब राज्य एसजीएफआई में वर्ष 2026 में स्वर्ण पदक हासिल किया।

### नमन ने लगातार 4 वर्षों तक जीता स्वर्ण पदक

कक्षा 12वीं (एनएमसी) के छात्र नमन नारंग ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने लुधियाना जिला स्कूल गेम्स में लगातार 4 वर्षों तक जिला एवं जोनल स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। पंजाब राज्य स्कूल गेम्स में उन्होंने वर्ष 2022झ23 में अंडर-17 श्रेणी में कांस्य पदक प्राप्त किया। एलएसएससी स्कूल गेम्स में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2022 और 2025 में स्वर्ण पदक तथा 2023 में रजत पदक जीता। लुधियाना जिला चैंपियनशिप में 2022 में अंडर-17 बॉयज डबल्स में कांस्य पदक, 2024 में अंडर-19 बॉयज डबल्स में रजत पदक तथा मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक प्राप्त किया।

### अनुपमना ने एसजीएफआई में जीता कांस्य पदक

कक्षा 12वीं (मॉस मीडिया) की छात्रा अनुपमा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उन्होंने दो विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की है। अनुपमा को खेलों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली द्वारा एफएपी बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड फॉर स्पोर्ट्स (बैडमिंटन) से सम्मानित किया। उन्होंने राष्ट्रीय एसजीएफआई बैडमिंटन चैंपियनशिप (गर्ल्स अंडर-19), मध्य प्रदेश में कांस्य पदक प्राप्त किया है। वे लगातार 5 वर्षों से जिला और जोनल चैंपियनशिप में विजेता रही हैं। इसी प्रकार एलएसएससी बैडमिंटन टूनामेंट में भी वे पिछले 5 वर्षों से लगातार विजेता रही हैं।

Uturn Time 15 May 2026_Layout 2  14-05-2026  23:42  Page 8



# सेक्टर-26 के डैफ्ले क्लब में भीषण आग, आसमान तक उठीं लपटें; कई दमकल गाड़ियां मौके पर, इलाके में हड़कंप

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/14 मई। शहर के पॉश और चर्चित सेक्टर-26 स्थित डैफ्ले क्लब में वीरवार दोपहर बाद अचानक भीषण आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते क्लब की पिछली तरफ से उठती ऊंची-ऊंची लपटों और काले धुएं ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। आग की भयावहता को देखकर आसपास मौजूद लोग सहम गए और मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग क्लब के पीछे रखे जनरेटर से शुरू हुई। कुछ ही मिनटों में आग ने आसपास रखे सामान और अस्थायी ढांचों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। बताया जा रहा है कि क्लब के पीछे लकड़ी, प्लास्टिक फाइबर और अन्य ज्वलनशील सामग्री से अस्थायी निर्माण किया गया था, जिसके कारण आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल विभाग की टीमें लगातार आग पर काबू पाने में जुटी रहीं, लेकिन खबर लिखे जाने तक आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी थी। आग की तीव्रता और गर्मी के कारण दमकल कर्मियों को राहत एवं बचाव कार्य में भारी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक आग इतनी भयानक थी कि क्लब के पीछे रखा सामान पलभर में जलकर राख हो गया। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों और इमारतों में भी दहशत का माहौल बन गया। सूत्रों के अनुसार क्लब के पीछे कथित तौर पर अवैध निर्माण भी किया गया था। प्रशासन अब इस एंगल से भी जांच कर रहा है कि क्या सुरक्षा मानकों की अनदेखी आग के तेजी से फैलने की वजह बनी।

स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन आसपास के क्षेत्र को खाली करवाया और लोगों की आवाजाही सीमित कर दी। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फायर विभाग और पुलिस की टीमें आग लगने के सटीक कारणों की जांच में जुटी हुई हैं। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट या जनरेटर में तकनीकी खराबी को आग लगने की वजह माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।

# पुण्य कार्य : 'कर भला हो भला' संस्था को ई-रिक्शा भेंट नर सेवा के संकल्प को मिलेगी नई उड़ान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मई। समाज सेवा के क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही अग्रणी संस्था 'कर भला हो भला' के बेड़े में आज एक और सेवा का साधन जुड़ गया। शहरवासियों की जरूरतों को समझते हुए और संस्था के सेवा कार्यों को और गति देने के लिए डॉ. मदन लाल अरोड़ा (वाइस चेयरमैन), अजय गुप्ता और मनीष अरोड़ा ने संस्था को एक ई-रिक्शा भेंट किया।



### सम्मान और आभार:

इस अवसर पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान संस्था के चेयरमैन रोहित अरोड़ा और प्रधान विशाल शर्मा ने ई-रिक्शा भेंट करने वाले दानवीर सज्जनों का आभार व्यक्त किया। संस्था की ओर से उनके इस निस्वार्थ सहयोग के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया।

### स्व. अमित अरोड़ा की याद में सेवा का महायज्ञ:

गौरतलब है कि यह संस्था स्वर्गवासी अमित अरोड़ा की मधुर स्मृति को समर्पित है। संस्था के सेवा कार्य निरंतर जारी हैं:

अन्न सेवा: प्रतिदिन लगभग 1,000 थाली लंगर का वितरण।

बुजुर्गों का सहारा: हर महीने जरूरतमंद बुजुर्गों को राशन की किट उपलब्ध करवाना।

आधुनिक सुविधाएं: समय की मांग को देखते हुए शहरवासियों के लिए नई सुविधाएं जोड़ना।

### इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति

ई-रिक्शा सौंपने के समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सेवाभावी लोग उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से: चेयरमैन रोहित अरोड़ा, प्रधान विशाल शर्मा, संरक्षक सुनील बजाज, खजांची नीरज कटारिया, पीआरओ ननेश गांधी, सचिव कंवल कक्कड़, वाइस चेयरमैन डॉ. मदन लाल, नरेश वर्मा, शुभम अरोड़ा, राजन बजाज और रिंकी चावला आदि शामिल थे।

संस्था का संदेश: हमारा उद्देश्य केवल अभावों को दूर करना नहीं, बल्कि समाज में मानवता की भावना को जीवित रखना है। यह ई-रिक्शा सेवा कार्यों के विस्तार में मील का पत्थर साबित होगा।

# नगर परिषद चुनाव : जगरांव में BJP ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

-चरणजीत सिंह चन्न-


भारतीय जनता पार्टी
BHARATIYA JANTA PARTY
Dr. Rajinder Sharma
BHARTIYA JANTA PARTY DISTT. JAGRAON

जगरांव/यूटर्न/14/मई। आगामी नगर परिषद चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी कमर कस ली है। भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने पार्टी के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करते हुए चुनावी समर का आगाज कर दिया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ और कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की सहमति के बाद की गई है।

### गठबंधन टूटने के बाद पहली बार अकेले मैदान में भाजपा

अकाली-भाजपा गठबंधन टूटने के बाद यह पहला अवसर है जब भारतीय जनता पार्टी जगरांव नगर परिषद का चुनाव अपने दम पर अकेले लड़ रही है। डॉ. शर्मा ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और भाजपा इस बार नगर परिषद पर अपना परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इस बार शिक्षित, ईमानदार और नए चेहरों को प्राथमिकता दी है, जिनके पास शहर के विकास के लिए एक स्पष्ट विजन है।

### पहली सूची के प्रमुख उम्मीदवार

पार्टी द्वारा घोषित किए गए उम्मीदवारों का विवरण इस प्रकार है:

| वार्ड नंबर | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|
| वार्ड 4 | प्रिंस कटारिया |
| वार्ड 5 | कुसुम लता |
| वार्ड 6 | परमजीत सिंह राजू |
| वार्ड 8 | दर्शन सिंह गिल |
| वार्ड 15 | रजनी चोपड़ा (पत्नी अनिल कुमार शैंटी) |
| वार्ड 16 | अंकुश धीर |
| वार्ड 17 | नैन्सी वर्मा (पत्नी टोनी वर्मा) |
| वार्ड 18 | सतीश कुमार पप्पू |
| वार्ड 19 | सुमन रानी (पत्नी कृष्ण कुमार) |
| वार्ड 20 | हर्ष सिंगला |
| वार्ड 21 | ज्योति रानी (पत्नी सचिन कुमार) |
| वार्ड 22 | हरविंदर कुमार |

### नामांकन प्रक्रिया शुरू

सूची जारी होते ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वार्ड नंबर 20 से उम्मीदवार हर्ष सिंगला ने अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि शेष वार्डों के लिए दूसरी सूची भी जल्द जारी कर दी जाएगी, जिसके बाद अन्य उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र जमा करेंगे। इस अवसर पर सर्कल अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, टोनी वर्मा, एडवोकेट विवेक भारद्वाज, गौरव गुप्ता, सुमित अरोड़ा, नवीन जैन, राज वर्मा और सुरेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

*''हमने शहर की बेहतरी की सोच रखने वाले कर्मठ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। जनता का जोश बता रहा है कि इस बार जगराओं में कमल खिलेगा।''*

*- जिला अध्यक्ष, भाजपा*

# मनीमाजरा में पानी की गंभीर किल्लत, लोग परेशान



लुधियाना/यूटर्न/14 मई। मनीमाजरा के माड़ी वाला टाउन, शांति नगर और मोरीगेट समेत कई इलाकों में पिछले 3-4 दिनों से पानी की सप्लाई बेहद कम प्रेशर के साथ आ रही है। कई जगहों पर लोगों को 2 घंटे तक भी पानी नहीं मिल पा रहा, जिसके चलते भीषण गर्मी में स्थानीय निवासीयो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की कमी के कारण घरों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं और लोगों को नहाने-धोने तक में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। समाजसेवी कुलवंत जग्गा ने बताया कि उन्हें लगातार क्षेत्रवासियों के फोन आ रहे हैं और लोग पानी की समस्या को लेकर बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से बातचीत भी की गई है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। माड़ी वाला टाउन निवासी एवं कांग्रेस जिला महासचिव पवनदीप सिंह सनी, कांग्रेस नेता अमीर चंद मिठू, अमनदीप सिंह, मंजीत सिंह रुड़का, छज्जू सिंह, छिन्दर कौर, भिन्दर कौर और मोनिका ने बताया कि इलाके में पिछले कई दिनों से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

Uturn Time 15 May 2026_Layout 2 14-05-2026 23:42 Page 9



# सीएम मान का विपक्ष पर हमला, बोले-पंजाब में नहीं उगता नफरत का बीज, आपके टैक्स से दे रहा हूं सुविधाएं

पंजाब/यूटर्न/14 मई। संत त्रिलोचन दास जी महाराज के 38वें गुरु गद्दी दिवस को समर्पित विशेष धार्मिक समागम आज बटाला में आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान विशेष रूप से शिरकत की। उट भगवंत मान ने बटाला पहुंचकर जनता को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने संतों के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया और राज्य की शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या



में संगत देश-विदेश से गुरु महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंची है। मुख्यमंत्री मान ने संत त्रिलोचन दास जी महाराज द्वारा दिखाए गए मानवता और सेवा के मार्ग की सराहना की। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन हमें आपसी भाईचारे और नैतिकता की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जनता के टैक्स का पैसा जनता की भलाई पर खर्च होना चाहिए और यह सरकार का फर्ज है, कोई एहसान नहीं। जनता के दिए टैक्स के पैसे से ये सुविधाएं मिलती हैं।

### पंजाब में हर धर्म के फूल की अपनी महक

सीएम मान ने कहा कि पंजाब की धरती बहुत उपजाऊ है, यहां दाल, मक्का, गेहूं सब उगता है, लेकिन नफरत का बीज यहां कभी नहीं उग सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी रामनवमी, गुरुपर्व, हनुमान जयंती और ईद सब सांझी हैं। पंजाब एक ऐसा गुलदस्ता है जहां हर धर्म के फूल की अपनी महक है। उन्होंने युवाओं के विदेश जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि हमें पंजाब को लंदन, पेरिस या कैलिफोर्निया नहीं बनाना, हमें बस अपना 'हंसता-खेलता पुराना पंजाब' वापस चाहिए।

# अवैध संबंध के शक में युवक का मर्डर, हत्यारोपी ने पीछा कर तेजधार हथियार से किया हमला

अमृतसर/यूटर्न/14 मई। अमृतसर के बोहड़ू पुल इलाके में एक युवक की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान तरनतारन निवासी डेविड मसीह के तौर पर हुई है। मृतक की पत्नी पिंकी मसीह ने पुलिस को बताया कि डेविड के पड़ोस में रहने वाली एक महिला के साथ अवैध संबंध थे।

इस बात को लेकर पहले भी कई बार झगड़ा हो चुका था। परिवार ने उन्हें समझाने का प्रयास किया था, लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ। पिंकी मसीह के अनुसार, महिला के पति अशोक कुमार ने कुछ अन्य युवकों के साथ मिलकर बोहड़ू पुल के पास डेविड मसीह पर तेजधार हथियारों से हमला किया। इस हमले



में डेविड की मौत हो गई।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपी महिला के पति अशोक कुमार को शक था कि डेविड उसकी पत्नी को लेकर अमृतसर की ओर जा रहा था। अशोक ने उनका पीछा किया और बोहड़ू पुल के पास डेविड को घेरकर उस पर हमला कर दिया।

# नगर परिषद चुनाव : जगरांव में कांग्रेस का 'चुनावी मास्टरस्ट्रोक', 23 में से 22 वार्डों पर उम्मीदवारों की तस्वीर साफ

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मई। नगर परिषद चुनाव 2026 को लेकर जगरांव की सियासत पूरी तरह गर्मा गई है। कांग्रेस पार्टी ने अपने पत्ते खोलते हुए शहर के 23 में से 22 वार्डों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ऑब्जर्वर पवन दीवान द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अब केवल एक सीट (वार्ड नंबर 12) को छोड़कर बाकी सभी मोर्चों पर सिपाही तैनात कर दिए गए हैं।

### वार्ड नंबर 9 की वेटिंग खत्म: परमिंदर कौर होंगी उम्मीदवार

पार्टी की ओर से पहले जारी की गई सूची में वार्ड नंबर 9 और 12 को 'पेंडिंग' रखा गया था। ताजा अपडेट के मुताबिक, कांग्रेस ने वार्ड नंबर 9 से परमिंदर कौर कल्याण को चुनावी मैदान में उतारकर चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। इस घोषणा के बाद से ही समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### वार्ड नंबर 12 का 'पेंच': टिकट के लिए दिग्गजों में मची होड़

वार्ड नंबर 12 फिलहाल शहर का सबसे हॉट टॉपिक बना हुआ है। सूत्रों की मानें तो इस वार्ड से टिकट पाने के लिए कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं और पूर्व पार्षदों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के भीतर चल रही



इस खींचतान के कारण ही आधिकारिक घोषणा रुकी हुई है। सियासी गलियारों में चर्चा है कि हाईकमान आज देर शाम तक इस 'अंतिम' सीट की गुत्थी भी सुलझा लेगा।

**कांग्रेस के रणबांकुरे :** किस वार्ड से कौन दिखाएगा दम? पार्टी ने अनुभव और नए चेहरों का संतुलन बनाने की कोशिश की है। यहाँ देखें उम्मीदवारों की पूरी लिस्ट :

| वार्ड नंबर | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|
| 1 | गुरप्रीत कौर |
| 2 | अवतार सिंह विर्क |
| 3 | राजिंदर कौर |
| 4 | बलबीर सिंह |
| 5 | सरोज रानी |
| 6 | जरनैल सिंह |
| 7 | मनजीत कौर |
| 8 | विक्की सिंह |
| 9 | परमिंदर कौर |
| 10 | बहादुर सिंह जोधा |
| 11 | विक्रम जसी |
| 12 | आघोषित |
| 13 | अनीता रानी |
| 14 | सुखचैन सिंह धालीवाल |
| 15 | गगन सभरवाल |
| 16 | रविंदरपाल सिंह |
| 17 | सुधा रानी |
| 18 | परमजीत सिंह लद्धड़ |
| 19 | करमजीत कौर |
| 20 | जतिंदरपाल राणा, |
| 21 | कविता रानी |
| 22 | वरिंदर सिंह कलेर |
| 23 | गुरमिंदर कौर सिविया |

कांग्रेस द्वारा उम्मीदवारों की इतनी बड़ी खेप उतारने के बाद अब विपक्षी खेमों (आप, अकाली दल और भाजपा) में भी खलबली मचना तय है। अब सभी की निगाहें वार्ड नंबर 12 के उस नाम पर टिकी हैं, जो कांग्रेस के इस कुनबे को पूरा करेगा।

# पुर्तगाल से प्रत्यर्पित आतंकी शेरा एनआईए की हिरासत में, 2 दिन का ट्रांजिट रिमांड मिला

अमृतसर/यूटर्न/14 मई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किए गए अमृतसर निवासी कथित नार्को आतंकी



इकबाल सिंह उर्फ शेरा को दिल्ली लाकर अदालत में पेश किया। अदालत ने एनआईए को 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड दी है, जिसके बाद एजेंसी उसे पंजाब ले जाकर पूछताछ करेगी। एनआईए के मुताबिक, शेरा लंबे समय से ऐसे नेटवर्क का हिस्सा था, जो पाकिस्तान सीमा से मादक पदार्थों की तस्करी करता था। जांच में सामने आया है कि ड्रग्स से होने वाली कमाई हवाला के जरिए पाकिस्तान और कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों तक पहुंचाई जाती थी। एजेंसी का दावा है कि इस पैसे का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों और आतंकी नेटवर्क को मजबूत करने में किया जाता था। अधिकारियों के अनुसार, शेरा ने पंजाब में एक संगठित गिरोह तैयार किया था, जो हेरोइन की खेप मंगाने, सप्लाई करने और उससे मिली रकम आतंकियों तक पहुंचाने का काम करता था। उसका संपर्क हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से जुड़े तत्वों के साथ भी बताया जा रहा है।

# जनगणना-2026-27 : शुक्रवार से घर-घर जाकर गणना कर्मी जानकारी एकत्र करेंगे : डिप्टी कमिश्नर





दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/14 मई। जिले में जनगणना-2026-27 की प्रक्रिया के तहत जिला प्रशासन द्वारा गणना कर्मियों की टीमों को जरूरी ट्रेनिंग देने के बाद आज रवाना किया गया। ये टीम शुक्रवार से घर-घर जाकर जनगणना के लिए परिवारों की आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगी। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पर्याप्त संख्या में गणना कर्मियों को विस्तृत ट्रेनिंग देने के बाद नागरिकों के घरों में भेजा जा रहा है, ताकि जनगणना की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

उन्होंने बताया कि होशियारपुर में एस.डी.एम. परमप्रीत सिंह द्वारा टीम को रवाना किया गया। ये टीमें शुक्रवार से अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वेक्षण शुरू कर देंगी। डिप्टी कमिश्नर ने लोगों से अपील की कि गणना कर्मियों को जनगणना के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाकर इन टीमों का पूरा सहयोग करें, ताकि जनगणना की प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से पूरी हो सके। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जनगणना प्रक्रिया के तहत 14 मई तक परिवार अपनी जानकारी https://se.census.gov.in पर ऑनलाइन भर सकते थे। अब गणना कर्मी लोगों के घरों में जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। जिन परिवारों ने अपनी जानकारी ऑनलाइन नहीं भरी है, वे अब गणना कर्मियों के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बहुत आसान और सरल है। हर घर के लिए एक मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड किया जाएगा, जिसकी एंट्री परिवार के मुखिया द्वारा की जाएगी। इस प्रक्रिया के दौरान परिवार के मुखिया का नाम बदला नहीं जा सकेगा। ऑनलाइन प्रक्रिया में अधिकतर सवाल विकल्प आधारित हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद 11 अंकों का एक कोड मिलेगा, जिसे गणना कर्मी को बताने पर पूरी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस दौरान एस.डी.एम. परमप्रीत सिंह ने नागरिकों से अपील की कि गणना कर्मियों की टीमों के साथ पूरा सहयोग करके जनगणना की प्रक्रिया को सफल बनाएं।

# पनबस-PRTC वर्करों की ललकार

## मांगें न मानी तो 18 मई को हड़ताल, 27 से चक्का जाम का ऐलान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मई। पंजाब रोडवेज पनसप पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन (25/11) की एक महत्वपूर्ण बैठक आज जगरांव बस स्टैंड पर आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राज्य संयुक्त सचिव जलौर सिंह और डिपो सचिव हरमिंदर सिंह सिद्धू ने की। बैठक की शुरूआत डिपो अध्यक्ष सोहन सिंह के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।



**प्रमुख मांगें:** पक्का करने से लेकर समान वेतन तक यूनियन ने सरकार के सामने अपनी प्रमुख मांगें दोहराई हैं, जिनमें शामिल हैं:

**नियमितीकरण:** कच्चे कर्मचारियों को सर्विस नियमों के तहत विभाग में पक्का करना।

ठेकेदारी प्रथा का अंत: ठेकेदारों को बाहर कर कर्मचारियों को सीधे विभाग के अधीन लेना।

**निजीकरण का विरोध:** प्राइवेट किलोमीटर स्कीम बसों का कड़ा विरोध और इस दौरान वर्करों पर दर्ज 'नाजायज' मामले रद्द कर उनकी बहाली करना।

**बेरोजगारी का समाधान:** बढ़ती आबादी के अनुसार सरकारी बसों की संख्या बढ़ाकर 10,000 करना।

**न्यायालय का आदेश:** माननीय हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार 'समान काम, समान वेतन' लागू करना।

**सुविधाएं:** डिपो में स्पेयर पार्ट्स की कमी दूर करना और रिपोर्ट वाले साथियों को ड्यूटी पर वापस लेना।

**आंदोलन की रूपरेखा:** 15 मई की बैठक पर टिकी निगाहें यूनियन नेताओं ने बताया कि इन मांगों के समाधान के लिए 15 मई को परिवहन मंत्री और वित्त मंत्री हरपाल चीमा के साथ एक पैनल मीटिंग तय की गई है। 'यदि इस मीटिंग में मांगों का कोई ठोस समाधान नहीं निकला, तो संगठन चुप नहीं बैठेगा। हमने संघर्ष का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है।'

**यूनियन नेतृत्व संघर्ष का शेड्यूल:**

**15 मई:** मंत्रियों के साथ निर्णायक पैनल मीटिंग।

**गेट रैलियां:** समाधान न होने पर गेट रैलियों के जरिए रोष प्रदर्शन।

**18 मई:** राज्य भर में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल।

**27 से 29 मई:** यदि फिर भी मांगें अनसुनी रहीं, तो 3 दिनों के लिए पंजाब भर में पनबस और ढफ्ळछ की बसों का पूर्ण 'चक्का जाम' किया जाएगा।

यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि चक्का जाम की स्थिति पैदा होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पंजाब सरकार और विभाग के प्रबंधन की होगी। इस अवसर पर जसपाल सिंह (चेयरमैन), दविंदर सिंह भीम, मोहम्मद रफी, राज खान (वर्कशॉप अध्यक्ष), सतनाम सिंह, जज सिंह, प्रदीप, जगदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# जगरांव नगर परिषद चुनाव: NOC लेने की मची होड़, 3 दिन में 145 दावेदार मैदान में; नामांकन में अभी सुस्ती

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मई। पंजाब राज्य चुनाव आयोग द्वारा नगर परिषद चुनावों की घोषणा के साथ ही जगरांव में सियासी पारा चढ़ गया है। चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों में ठडउ (अनापत्ति प्रमाणपत्र) लेने की होड़ मची हुई है। पिछले तीन दिनों के भीतर नगर परिषद कार्यालय द्वारा करीब 145 ठडउ जारी की जा चुकी हैं। हालांकि, इसके उलट नामांकन दाखिल करने की रफ्तार अभी काफी धीमी है। गुरुवार को नामांकन के दूसरे दिन महज दो उम्मीदवारों ने ही अपने पर्चे दाखिल किए।

**30 से ज्यादा दावेदारों ने आज ली क्लीयरेंस**

नगर परिषद के इंस्पेक्टर शिव कुमार, क्लर्क तारिक और गुरप्रीत सिंह ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के चलते उम्मीदवारों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

**पहले दो दिन:** कुल 111 NOC जारी की गई थीं।

**तीसरा दिन (आज):** 30 से अधिक नए उम्मीदवारों ने एनओसी प्राप्त की।

**कुल आंकड़ा:** अब तक लगभग 145 संभावित उम्मीदवार चुनावी दौड़ के लिए अपने दस्तावेज पुख्ता कर चुके हैं।

**8 विभागों की 'अग्निपरीक्षा' के बाद मिलती है NOC**

अधिकारियों के मुताबिक, चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को नगर परिषद के 8 अलग-अलग विभागों से क्लीयरेंस लेनी पड़ती है। इसमें हाउस टैक्स, वॉटर बिल, और अन्य बकाया राशि की जांच शामिल है। सभी विभागों से रिकॉर्ड की पुष्टि होने के बाद ही अंतिम एनओसी जारी की जाती है।

**नामांकन का दूसरा दिन:** सिर्फ 2 उम्मीदवारों ने दिखाए तेवर: जहां एक ओर नगर परिषद में एनओसी के लिए भीड़ उमड़ रही है, वहीं एसडीएम कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने वालों की संख्या अभी कम है। नामांकन के दूसरे दिन केवल दो दावेदार पहुंचे:

**हर्ष कुमार सिंगला:** वार्ड नंबर 20 से भारतीय जनता पार्टी (BJP) के उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरा।

**दविंदरजीत सिंह सिद्धू:** वार्ड नंबर 4 से निर्दलीय (Independent) उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया।

16 मई तक का है समय, आखिरी दिनों में बढ़ेगी गहमागहमी राज्य चुनाव आयोग के शेड्यूल के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया 13 मई से शुरू होकर 16 मई 2026 तक चलेगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अधिकांश उम्मीदवार शुभ मुहूर्त और दस्तावेजों की तैयारी के कारण अंतिम दो दिनों (शुक्रवार और शनिवार) में ही शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। प्रशासन ने कानून व्यवस्था और सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

# सफलता के झंडे: सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल तलवंडी राय का 12वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

## तनवीर सिंह ने 415 अंक लेकर स्कूल में हासिल किया पहला स्थान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मई। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तलवंडी राय ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। स्कूल की प्रिंसिपल मैडम परमजीत कौर ने गौरव के साथ जानकारी साझा करते हुए बताया कि पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के वार्षिक परिणामों में स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।



### मेधावी छात्रों ने किया गौरवान्वित

स्कूल के नतीजे न केवल शानदार रहे, बल्कि कई विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई।

### घोषित परिणामों के अनुसार

**प्रथम स्थान:** छात्र तनवीर सिंह (पुत्र स. दविंदर सिंह, निवासी गाँव बुर्ज) ने 500 में से 415 अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया।

**द्वितीय स्थान:** छात्र जशनदीप सिंह (पुत्र स. जसपाल सिंह, निवासी गाँव तलवंडी राय) ने 391 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

तृतीय स्थान: छात्रा महकदीप कौर (पुत्री स. बलविंदर सिंह, निवासी गाँव तलवंडी राय) ने 335 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया।

**परिश्रम का मिला फल:** इस बड़ी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए प्रिंसिपल मैडम परमजीत कौर ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, उनके अभिभावकों के सहयोग और स्कूल स्टाफ के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के बच्चे आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

### गांव और स्कूल में खुशी की लहर

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (SMC), पंचायत सदस्यों और समूह स्टाफ ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल में खुशी का माहौल रहा और अध्यापकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया ताकि वे भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज और देश की सेवा कर सकें।

# डोप टेस्ट पॉजिटिव आने पर युवती पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/14 मई। जीरकपुर पुलिस ने एक युवती को हिरासत में लेकर उसका डोप टेस्ट कराया, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि मनदीप कौर नामक युवती नशे की हालत में घूम रही है। सूचना के आधार पर थाना जीरकपुर पुलिस टीम ने संबंधित गांव में दबिश दी और पूछताछ के बाद युवती को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी के दौरान युवती के पास से कोई भी नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। इसके बावजूद डोप टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# दलित महिला से मारपीट और जातिसूचक टिप्पणी का आरोप, हंडेसरा थाने के बाहर देर रात धरना

## SC/ST एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

डेराबस्सी/यूटर्न/14 मई। डेराबस्सी क्षेत्र के हंडेसरा थाने के बाहर देर रात उस समय तनावपूर्ण माहौल बन गया, जब दलित संगठनों और स्थानीय निवासियों ने एक दलित महिला के साथ कथित मारपीट और जातिसूचक टिप्पणी के विरोध में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर शुरूआती स्तर पर मामले को गंभीरता से न लेने और कार्रवाई में ढिलाई बरतने के आरोप लगाए। देर रात तक लोग थाने के बाहर डटे रहे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते रहे।

जानकारी के अनुसार गांव मालण निवासी गुरमेले देवी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह अपनी भैंस के लिए तूड़ी लेकर घर लौट रही थीं।



इसी दौरान गांव के चौक में जसवीर सिंह ने रास्ता रोक लिया और गली से गुजरने पर आपत्ति जताई। आरोप है कि आरोपी ने महिला के साथ हाथापाई और मारपीट की तथा दोबारा वहां से गुजरने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उनके खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया।

मामले को लेकर दलित संगठनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और एससी/एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के बाहर देर रात तक धरना जारी रखा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि समाज के किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव और अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस जांच के दौरान शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए, जिसके बाद जसवीर सिंह निवासी गांव मालण के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जातिसूचक शब्दों के आरोपों की भी अलग से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

धरना समाप्त करते हुए प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन को पूरे जिले स्तर पर और तेज किया जाएगा। वहीं पुलिस ने निष्पक्ष जांच और कानून के अनुसार कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# ग्लैमरस अंदाज में छाईं आलिया भट्ट, तस्वीरें हुईं वायरल




बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट का यह ग्लैमरस अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। शिमरी शॉर्ट ड्रेस में आलिया का स्टाइल और कॉन्फिडेंस फैंस को खूब पसंद आ रहा है। फोटो में उनकी क्यूट स्माइल और नैचुरल ब्यूटी ने एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया। फैंस कमेंट्स में आलिया भट्ट की फिटनेस और खूबसूरती की जमकर तारीफ कर रहे हैं। अपने इस लुक से आलिया भट्ट फिर से फैशन ट्रेंड सेट करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीर जबरदस्त चर्चा में बनी हुई है।

# बार काउंसिल सदस्य बनने के बाद चौधरी करमजीत सिंह का डेराबस्सी बार में भव्य स्वागत

## नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स और चैंबरों का मुद्दा जल्द हल कराने का दिया भरोसा

डेराबस्सी/यूटर्न/14 मई। बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के सदस्य चुने जाने के बाद चौधरी करमजीत सिंह का डेराबस्सी बार एसोसिएशन में जोरदार स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन डेराबस्सी के प्रधान विक्रमजीत सिंह दप्पर और समूचे बार सदस्यों ने बार रूम में उनका सम्मान किया।

चौधरी करमजीत सिंह लगातार दूसरी बार बार काउंसिल के सदस्य बने हैं। इससे पहले वह बार काउंसिल में ऑनरेरी सेक्रेटरी और को-चेयरमैन के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

बार एसोसिएशन प्रधान विक्रमजीत सिंह दप्पर ने कहा कि चौधरी करमजीत सिंह ने इस बार बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। उन्होंने बार काउंसिल के कार्यों में कैशलैस व्यवस्था लागू करने समेत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए और हमेशा वकीलों के सुख-दुख में साथ खड़े रहे



हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि वकीलों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

इस दौरान बार सदस्यों ने चौधरी करमजीत सिंह के समक्ष पिछले 17-18 वर्षो से लंबित नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स और वकीलों के चैंबरों का मुद्दा उठाया। इस पर चौधरी करमजीत सिंह ने आश्वासन दिया कि वह बिल्डिंग कमेटी के साथ बैठक कर इस मामले के समाधान के लिए जल्द प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के महासचिव इंद्रपाल सिंह खारी ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गुरिंदर सिंह ढोट, राजबीर सिंह मुंदड़ा, जसबीर चौहान, अमरिंदर सिंह नंवा, अब्दुल गफार खान, विक्रांत पवार, जसवंत सिंह तूर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# तरनतारन सीमा पर दो ड्रोन, आधा किलो हेरोइन बरामद, 2 पिस्तौल और 25 कारतूस भी मिले

पंजाब/यूटर्न/ 14 मई। तरनतारन सीमा के पास खालरा थाना क्षेत्र में पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने एक संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान दो ड्रोन, 509 ग्राम हेरोइन, दो पिस्तौल और 25 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी



है। अधिकारियों के अनुसार, पड़ोसी देश पाकिस्तान लगातार भारत में ड्रग्स और हथियार भेजने का प्रयास कर रहा है, लेकिन पुलिस और इरत्र्क्रऐसे प्रयासों को विफल कर रहे हैं। खालरा थाने में इन बरामदगियों के संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं, और आगे की जांच जारी है।

**कहां से क्या हुआ बरामद...**खालरा थाने के सब इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम और इरत्र्क्रने गांव डल में बलवीर सिंह के खेत से एक पीले रंग का पैकेट और एक ड्रोन बरामद किया। तलाशी में पैकेट से 509 ग्राम हेरोइन और 23 जिंदा कारतूस मिले। हेरोइन की पैकिंग का वजन 70 ग्राम था। इसी तरह, एएसआई सलविंदर सिंह और उनकी टीम ने इरत्र्क्रके साथ मिलकर कलसियां खुर्द निवासी जगमोहन सिंह के खेतों से एक गिरा हुआ ड्रोन और एक पैकेट बरामद किया। पैकेट की तलाशी लेने पर उसमें से एक पिस्तौल मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। एक अन्य अभियान में, एएसआई बलविंदर सिंह ने पुलिस टीम और BSF की 142 बटालियन के जवानों के साथ गांव डल में एक सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

# ओमान के पास ड्रोन हमले के बाद भारतीय मालवाहक जहाज डूबा, दिल्ली ने निंदनीय बताया

**चंडीगढ़/यूटर्न/14 मई। अधिकारियों के अनुसार, गुजरात का एक मालवाहक जहाज 'हाजी अली' ओमान के तट के पास एक संदिग्ध ड्रोन हमले के बाद डूब गया। जहाज पर सवार सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को ओमान के अधिकारियों ने सुरक्षित बचा लिया। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान-अमेरिका संघर्ष से जुड़े बढ़ते तनाव के बीच, इस घटना ने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएँ बढ़ा दी हैं। देवभूमि द्वारका ज़िले के सलाया बंदरगाह पर पंजीकृत यह जहाज, बुधवार तड़के घटना के समय सोमालिया से शारजाह की ओर पशुधन लेकर जा रहा था। रिपोर्टों के अनुसार, जहाज बुधवार तड़के लगभग 3:30 बजे ओमान के उत्तरी तट के पास 'लिमाह' से गुजर रहा था, तभी उस पर एक अज्ञात विस्फोटक वस्तु से हमला हुआ। माना जा रहा है कि यह वस्तु कोई ड्रोन या मिसाइल थी। इस हमले के कारण जहाज में आग लग गई, जिससे जहाज का संतुलन बिगड़ गया और अंततः वह समुद्र में डूब गया।**



## क्रू मेंबर्स ने दिखाई सतर्कता

हमले के बाद क्रू सदस्यों ने तेजी से कार्रवाई की। जैसे ही जहाज में आग फैली, 14 नाविकों—जिनमें एक 'तंडेल' (नाविकों का मुखिया) और 13 अन्य क्रू सदस्य शामिल थे, ने संकट का संकेत (डिस्ट्रेस सिग्नल) भेजा और लाइफबोट्स में सवार होकर जहाज से बाहर निकल गए। ओमान कोस्ट गार्ड ने बचाव अभियान शुरू किया और सभी क्रू सदस्यों को सुरक्षित रूप से 'दीबा' बंदरगाह तक पहुँचाया। जहाज के मालिक सुल्तान अहमद संघार ने बाद में पुष्टि की कि जहाज पर सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

## विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान

विदेश मंत्रालय (टएअ) ने कहा, कल ओमान के तट के पास भारतीय ध्वज वाले जहाज पर हुआ हमला अस्वीकार्य है। हम इस बात की कड़ी निंदा करते हैं कि वाणिज्यिक जहाजों और आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है।₹ रिपोर्टों के अनुसार, जहाज के समुद्र में डूबने के बाद, उस पर ले जाए जा रहे कई पशुधन (जानवर) भी पानी के बहाव में बह गए।

## 14 भारतीय नाविक सुरक्षित

विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि डूबे हुए जहाज से बचाए गए सभी 14 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। मंत्रालय ने कहा, ₹जहाज पर सवार सभी भारतीय क्रू सदस्य सुरक्षित हैं, और हम उन्हें बचाने के लिए ओमान के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हैं।₹ मंत्रालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि आम नागरिकों के जहाजों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। उसने दोहराया कि वाणिज्यिक जहाजों पर हमले और ऐसे किसी भी कृत्य से बचना चाहिए, जिससे निर्दोष क्रू सदस्यों की जान को खतरा हो या जिससे समुद्री आवाजाही और व्यापार की स्वतंत्रता बाधित होती हो।

# झूठी अफवाहों और सरकारी लारों से सावधान रहें सफाई सेवकः सचिव राजिंदर कुमार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/14/मई। पंजाब भर के सफाई सेवकों और म्युनिसिपल कर्मचारियों का अपनी मांगों को लेकर जारी संघर्ष आज 9वें दिन में प्रवेश कर गया है। सरकार द्वारा अपनाई जा रही टाल-मटोल की नीति और फैलाई जा रही अफवाहों के बावजूद, कर्मचारियों के हौसले पस्त होने के बजाय और अधिक बुलंद दिखाई दे रहे हैं।



## संघर्ष को मिल रहा है व्यापक जन-समर्थन

6 मई से शुरू हुए इस आंदोलन को रोजाना किसान, सामाजिक और धार्मिक जथेबंदियों का भारी समर्थन मिल रहा है। इस एकजुटता ने न केवल कर्मचारियों में नया जोश भर दिया है, बल्कि पंजाब सरकार की बेचैनी भी बढ़ा दी है।

## सरकार की 'फूट डालो' नीति पर तीखा हमला

सफाई सेवक यूनियन पंजाब (शाखा जगरांव) के सचिव राजिंदर कुमार ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि:

'सरकार अपने प्रतिनिधियों और अधिकारियों के माध्यम से झूठे आश्वासनों, भ्रामक अफवाहों और कागजी कार्रवाई का सहारा लेकर इस आंदोलन को कमजोर करने की नाकाम कोशिश कर रही है। सफाई सेवक अब सरकार की इन चालों को अच्छी तरह समझ चुके हैं और किसी भी धोखे में नहीं आएंगे।'

**लिखित आदेश की मांग:** कर्मचारियों को सचेत किया गया है कि जब तक सरकार ठोस फैसला लेकर लिखित आदेश जारी नहीं करती, तब तक किसी भी अफवाह पर यकीन न करें।

**अखंड एकता:** प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए पंजाब की केंद्रीय टीम पर पूर्ण भरोसा जताया और अपनी मांगों के पूरा होने तक डटे रहने का संकल्प लिया।

**अस्तित्व की लड़ाई:** यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह केवल वेतन की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और रोजगार बचाने की लड़ाई बन चुकी है।

## वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति

इस धरने में सफाई सेवक यूनियन पंजाब के अध्यक्ष अशोक सरवान, सचिव संयोजक रमेश गैचंड और संरक्षक कुलदीप शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि पंजाब का सफाई कर्मचारी अब किसी भी ₹लारे₹ (झूठे वादे) में नहीं फंसेगा और समाधान होने तक यह संघर्ष इसी तीव्रता के साथ जारी रहेगा।

**निष्कर्ष :** जगरांव नगर परिषद में चल रहा यह प्रदर्शन अब एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले चुका है, जिससे आने वाले दिनों में नगर निगम प्रशासन और सरकार की मुश्किलें बढ़ना तय है।

# डेराबस्सी में आप ने वार्ड-14 और 15 से पति-पत्नी को बनाया उम्मीदवार, घर-घर पहुंचा प्रचार

## डोर-टू-डोर प्रचार में मिला भरपूर समर्थन, नरेश उपनेजा ने जताया आभार







डेराबस्सी/यूटर्न/14 मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर हलका डेराबस्सी में राजनीतिक सरगर्मियां लगातार तेज हो रही हैं। आम आदमी पार्टी ने वार्ड नंबर-14 और 15 से पति-पत्नी की जोड़ी को चुनाव मैदान में उतारा है। चुनाव प्रचार के तहत श्रीमती आशू और नरेश उपनेजा ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और जनसमर्थन जुटाया। प्रचार अभियान के दौरान वार्डवासियों ने दोनों उम्मीदवारों का गर्मजोशी से स्वागत किया और भरपूर समर्थन व प्यार दिया। लोगों ने आश्वासन दिया कि वे चुनाव में उनके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। डोर-टू-डोर अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए। नरेश उपनेजा ने क्षेत्रवासियों का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें लोगों का जो प्यार और विश्वास मिल रहा है, वह उनके लिए बहुत बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा शहर के लोगों के ऋणी रहेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेंगे।

# डोप टेस्ट पॉजिटिव आने पर युवती पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/14 मई। जीरकपुर पुलिस ने एक युवती को हिरासत में लेकर उसका डोप टेस्ट कराया, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि मनदीप कौर नामक युवती नशे की हालत में घूम रही है। सूचना के आधार पर थाना जीरकपुर पुलिस टीम ने संबंधित गांव में दबिश दी और पूछताछ के बाद युवती को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी के दौरान युवती के पास से कोई भी नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। इसके बावजूद डोप टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372